## सुविचार

"ज्ञान की ओर बढ़ाया गया हर कदम,
सफलता की नई राह खोलता है।"

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल
का मासिक ई - न्यूज़लेटर

tarangnews2024@gmail.com    माह- जुलाई 2026    अंक - 37 वां




## इस अंक के आकर्षण

- बाबूलाल गौर जी की जयंती पर श्रद्धांजलि एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर।
- एनसीसी एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प।
- श्री फिरोज़ ख़ान जी को गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई – डिज़ाइन पंजीकरण की उल्लेखनीय सफलता।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस – सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश।
- विशेषज्ञों ने करियर एवं रोजगार की संभावनाओं पर किया मार्गदर्शन।
- डॉ. इलारानी श्रीवास्तव के सम्मान एवं भावभीनी विदाई समारोह की झलकियाँ।

### उच्च शिक्षा विभाग म.प्र शासन द्वारा निर्देशित

## अकादमिक कैलेंडर सत्र - 2026-27

अकादमिक कैलेंडर सत्र 2026-27
(सेमेस्टर कक्षाओं के लिए प्रथमशील)

| अकादमिक कार्य | स्नातकोत्तर प्रथम/तृतीय | स्नातकोत्तर द्वितीय/चतुर्थ |
|---|---|---|
| आरंभिक कक्षाएँ | 01 जुलाई 2026 | 15 दिसंबर 2026 |
| शैक्षणिक कार्य | 01 जुलाई 2026 से 12 नवंबर 2026 | 15 दिसंबर 2026 से 25 अप्रैल 2027 |
| आंतरिक मूल्यांकन कार्य | अगस्त प्रथम सप्ताह से सितम्बर के अंतिम सप्ताह के मध्य | फरवरी प्रथम सप्ताह से मार्च अंतिम सप्ताह के मध्य |
| प्रायोगिक परीक्षाएँ | 20 अक्टूबर 2026 से 05 नवंबर 2026 के मध्य | 01 अप्रैल 2027 से 20 अप्रैल 2027 के मध्य |
| परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश | 13 नवंबर 2026 से 17 नवंबर 2026 | 27 अप्रैल 2027 से 30 अप्रैल 2027 तक |
| सेमेस्टर एवं ए.टी.के.टी. परीक्षा | 18 नवंबर 2026 से 10 दिसम्बर 2026 | 01 मई 2027 से 23 मई 2027 तक |
| सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) विद्यार्थियों के लिए | 11 दिसम्बर 2026 से 14 दिसम्बर 2026 | 24 मई 2027 से 30 जून 2027 |
| परीक्षा परिणामों की घोषणा | 31 दिसम्बर 2026 तक | 20 जून 2027 तक चतुर्थ सेमेस्टर एवं 30 जून 2027 तक द्वितीय सेमेस्टर |

- प्रवेश उत्सव कार्यक्रम : जुलाई, 2026
- छात्र संघ गठन : सितम्बर 2026
- खेलकूद/एन.सी.सी./एन.एस.एस./ युवा उत्सव : माह नवंबर 2026 तक दीक्षांत समारोह एवं अन्य सम्पूर्ण गतिविधियाँ पूर्ण कर ली जाएँ
- दीपावली अवकाश : दिनांक 06 नवंबर से 12 नवंबर 2026 तक (05 कार्य दिवस)
- स्नेह सम्मेलन/वार्षिकोत्सव/पुरस्कार वितरण वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन एवं विमोचन : फरवरी 2027 प्रथम सप्ताह



## 🌸श्रद्धांजलि एवं सेवा का प्रेरणादायी संगम 🌸

दिनांक- 02 जून 2026 को पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाविद्यालय के प्रेरणास्रोत श्रद्धेय बाबूलाल गौर जी की 96वीं जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन तथा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार ने श्रद्धेय बाबूलाल गौर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात सभी ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अवलोकन किया एवं स्वयं भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने महाविद्यालय द्वारा शिक्षा, जनसेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों की सराहना करते हुए बाबूलाल गौर जी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। श्रद्धेय बाबूलाल गौर जी का संपूर्ण जीवन सेवा, सादगी, जनकल्याण और विकास के प्रति समर्पित रहा। उनकी प्रेरणादायी विरासत हमें समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

श्रद्धेय बाबूलाल गौर जी को उनकी 96वीं जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि एवं शत-शत नमन।











## विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान

दिनांक- 05 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की NCC इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने उपस्थित सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को "हरित शपथ" एवं "मिशन शपथ" दिलाई। उन्होंने सभी को पृथ्वी एवं उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा के लिए सदैव प्रयासरत रहने, प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने, ऊर्जा एवं जल संरक्षण अपनाने, एकल-उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने, प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े एवं कागज़ के थैलों का उपयोग करने, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक एवं सतत परिवर्तन लाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी ए एन ओ डॉ. वर्षा चौहान, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. कमलेश नेगी, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. सुषमा जादौन, प्रो. शालिनी तिवारी, डॉ. मधुरानी, श्रीमती डाली खटवानी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।










## श्री फिरोज ख़ान जी को गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई



ORIGINAL

क्रम सं./Serial No.: 225046

INTELLECTUAL PROPERTY INDIA

पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार | The Patent Office, Government Of India

डिज़ाइन के पंजीकरण का प्रमाण पत्र | Certificate of Registration of Design

डिज़ाइन सं. / Design No. : 482621-001

तारीख / Date : 04/12/2025

पारस्परिकता तारीख / Reciprocity Date* :

देश / Country :

Certified that the design of which a copy is annexed hereto has been registered as of the number and date given above in class 14-02 in respect of the application of such design to *INTELLIGENT FITNESS MONITORING UNIT FOR BIOMETRIC AND PSYCHOMETRIC ANALYSIS* in the name of 1.Dr Shanti Sharma 2. Dr Satish Kumar 3.Chanchal Singh 4.FIROJ KHAN.

In pursuance of and subject to the provisions of the Designs Act, 2000 and the Designs Rules, 2001.



नई मॉनिटरिंग मशीन बनाने वाले भोपाल के रिसर्चर्स।

दिनांक- 13 जून 2026। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल के अतिथि क्रीड़ा अधिकारी श्री फिरोज ख़ान एवं उनके सहयोगियों को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा विकसित है। "Intelligent Fitness Monitoring Unit for Biometric and Psychometric Analysis" के डिज़ाइन पंजीकरण की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। यह नवाचार खेल विज्ञान, स्वास्थ्य निगरानी एवं मनोवैज्ञानिक विश्लेषण के क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय का गौरव बढ़ा है तथा नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी उत्कृष्टता को नई पहचान मिली है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने श्री फिरोज ख़ान एवं उनकी टीम को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता महाविद्यालय में अनुसंधान एवं नवाचार की सुदृढ़ होती संस्कृति का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री फिरोज ख़ान भविष्य में भी अपने नवाचारों के माध्यम से संस्थान, प्रदेश एवं राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करते रहेंगे।

## 21 जून 2026 – अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस










दिनांक - 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा सामूहिक योग अभ्यास का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नियमित योग को स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन का आधार बनाने का संकल्प लिया। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक जीवनशैली का सशक्त माध्यम है। हम सभी योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाकर स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। सभी ने योग दिवस पर यह शपथ ली।

## पर्यटन एवं होटल प्रबंधन क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसरों पर विचार गोष्ठी आयोजित

दिनांक - 26 जून 2026 को महाविद्यालय में पर्यटन और होटल प्रबंधन में रोजगार अवसर विषय पर एक प्रेरक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन एवं होटल उद्योग में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं, कौशल विकास तथा बदलते रोजगार परिद्रश्य पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता एवं मध्य प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के पूर्व महाप्रबंधक श्री प्रकाश परिहार ने बताया कि भारत में पर्यटन एवं होटल उद्योग देश के कुल रोजगार का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है तथा वर्ष 2026-27 तक इस क्षेत्र में लगभग 8 लाख नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर आवास, भोजन, मनोरंजन, डेस्टिनेशन विकास एवं होम-स्टे जैसी सेवाओं के विस्तार से युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने अपने संबोधन में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं, ऑनलाइन टिकटिंग-बुकिंग तथा पर्यटन गतिविधियों में निरंतर वृद्धि के कारण स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यटन एवं होटल प्रबंधन जैसे उभरते क्षेत्रों में कौशल विकसित कर भविष्य की संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। विशेषज्ञ डॉ. उषा परिहार ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यटन एवं होटल प्रबंधन के क्षेत्र में पीजी डिप्लोमा एवं डिग्रीधारी युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध विविध करियर विकल्पों की जानकारी देते हुए अपने कौशल और ज्ञान को निरंतर विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यटन एवं होटल प्रबंधन क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं की उपयोगी जानकारी प्राप्त की।















## सेवानिवृति अंत नही , नए जीवन का आरंभ है

दिनांक - 30 जून 2026 को महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. इलारानी श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सम्मान एवं विदाई समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने डॉ. इलारानी श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान, अनुकरणीय कार्यशैली एवं दीर्घ सेवाकाल के लिए सम्मानित करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सफल जीवन की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. इलारानी श्रीवास्तव का समर्पण, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव महाविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. श्रीवास्तव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। यह आयोजन महाविद्यालय के स्टाफ क्लब द्वारा आयोजित किया गया। स्टाफ क्लब अध्यक्ष डॉ. अनुराधा दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया।
















कार्यक्रम का समापन भावपूर्ण विदाई एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# समाचार पत्रों से

## भेल कॉलेज में मनाया पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर का 96वां जन्मदिन

हरिभूमि भोपाल 3.6.2026



नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मे जांच कराती मंत्री कृष्णा।

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की जयंती पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर ने भेल महाविद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय पूज्य बाबूजी के व्यक्तित्व और कृतित्व के अनुसार उच्च मापदंडों व आदर्शों के साथ निरंतर प्रगति करता रहे। इस अवसर पर आयोजित मेडिकल कैम्प में उन्होंने ब्लड प्रेशर और शुगर जांच भी कराई तथा सब रिपोर्ट नार्मल होने पर संतोष व्यक्त किया। मप्र अनुसूचित जाति जनजातीय आयोग के सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा) बारेलाल अहिरवार ने महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं दीं।

---

स्वदेश ज्योति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. गौर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

## बाबूलाल गौर ने जनहितैषी कार्यों से लोगों के दिलों में बनाई जगह : मुख्यमंत्री



### साकेत नगर में स्व. बाबूलाल गौर की प्रतिमा का अनावरण



राजधानी भोपाल के बीआईपी रोड के विकास में गौर की दृढ़ता स्मरणीय

मंत्री, जनप्रतिनिधि तथा परिजन ने भी अर्पित की पुष्पांजलि

बाबूलाल स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय में सेमिनार आयोजित

---

### मंत्री कृष्णा गौर ने महाविद्यालय परिसर में बाबू जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल जी गौर के96वें जन्मदिन के अवसर पर मप्र शासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर ने महाविद्यालय परिसर में बाबू जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय पूज्य बाबूजी के व्यक्तित्व और कृतित्व के अनुसार उच्च मापदंडों व आदर्शों के साथ निरंतर प्रगति करता रहे . इस अवसर पर आयोजित मेडिकल कैम्प में मंत्री ने ब्लड प्रेशर और शुगर जांच भी कराई तथा सब रिपोर्ट नार्मल होने पर संतोष व्यक्त किया . म प्र अनुसूचित जाति जनजातीय आयोग के सदस्य ( राज्य मंत्री दर्जा ) बारेलाल अहिरवार ने महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं दीं प्राचार्य डा संजय जैन ने इस अवसर पर पधारे सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया कार्यक्रम संयोजक डा कमलेश नेगी ने बाबूजी के जन्मदिन अवसर पर महाविद्यालय पधारने पर आभार व्यक्त किया समारोह में वृक्षारोपण भी किया गया इस अवसर पर तेजसिंह ठाकुर , पार्षद नीरज सिंह टी आर मिश्रा , अंशुल

---

दैनिक नोबल एक्सप्रेस मध्यप्रदेश

## स्वर्गीय बाबूलाल गौर की जन्म जयंती पर भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

नोबल अस्पताल के विशेषज्ञों ने मंत्री कृष्णा गौर की उपस्थिति में जाँचे मरीज





---

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की जयंती पर साकेत नगर में प्रतिमा का अनावरण, सीएम डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में दी पुष्पांजलि





दैनिक राजधानी पावर 3.6.2026



---



इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षदगण और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इससे पूर्व, राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर भेल स्थित 'बाबूलाल गौर स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय' में आयोजित एक विशेष सेमिनार में शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने दीप प्रज्वलन के साथ की और स्व. गौर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पूर्व मुख्यमंत्री की स्मृति में परिसर में पौधरोपण भी किया और युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उधर, मध्य प्रदेश

---

## मिशन लाइफ शपथ लेकर मनाया कार्यक्रम

भोपाल। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल की एनसीसी ईकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कर किया गया। प्राचार्य डा संजय जैन ने सभी को हरित और मिशन लाइफ शपथ दिलाते हुए पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने की पूरी कोशिश करें। ऐसी आदतें जिससे संसाधनों की कम से कम बर्बादी हो। एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करना प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग और कपड़े के बैग का इस्तेमाल, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने ऊर्जा और पानी का संरक्षण करने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ वर्षा चौहान, डा कीर्ति श्रीवास्तव, डा कमलेश नेगी, डा अर्चना जैन, डा सुषमा जादौन, प्रो शालिनी तिवारी सहित स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि भोपाल 6.6.2026

---

## खिलाड़ी टूर्नामेंट को लेकर कितने प्रेशर में है... बता देगी नई मॉनिटरिंग मशीन



ट्रेडिशनल मेथड से ज्यादा एक्युरेट आए मशीन के रिजल्ट

---

स्वदेश ज्योति

## भेल कॉलेज में दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ



स्वदेश ज्योति संवाददाता,भोपाल

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल की एनसीसी ईकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कर किया गया। प्राचार्य डॉ.संजय जैन ने सभी को हरित और मिशन लाइफ शपथ दिलाते हुए पृथ्वी और उसके प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने की पूरी कोशिश , ऐसी आदतें जिससे संसाधनों की कम से कम बर्बादी हो। एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करना प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग और कपड़े के बैग का इस्तेमाल,ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने ऊर्जा और पानी का संरक्षण करूँने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एएनओ डॉ. वर्षा चौहान, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. कमलेश नेगी , डॉ. अर्चना जैन , डॉ. सुषमा जादौन , प्रो. शालिनी तिवारी सहित स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

Bhopal Main-Edition Edition

---

संगोष्ठी कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने रोजगार के अवसरों पर किया विमर्श राष्ट्रवार्ता भोपाल 26.6.2026

## टूरिज्म और होटल इंडस्ट्री में 8 लाख से अधिक नौकरियों की संभावना



### पर्यटन व होटल उद्योग में विशेषज्ञों की मांग

## स्वदेश ज्योति

शिक्षित युवाओं को नये–नये रोज़गार के अवसर मिलेंगे

### पर्यटन और होटल इंडस्ट्री में आठ लाख से अधिक नौकरियों की संभावना

स्वदेश ज्योति संवाददाता,भोपाल



भारत के कुल रोज़गार में आठ प्रतिशत की भागीदारी टूरिज्म एंड होटल इंडस्ट्री की है 2026-27 में इस क्षेत्र में लगभग 8 लाख नौकरियों की संभावना है, शिक्षित युवाओं को रोजगार के नये-नये अवसर हैं, उक्त विचार बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में आयोजित 'पर्यटन और होटल प्रबंधन में रोज़गार अवसर ' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में विषय विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। भेल कालेज आयोजित विचार गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए म.प्र.टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के पूर्व महाप्रबंधक प्रकाश परिहार ने कहा कि पर्यटक के लिए डेस्टीनेशन, स्टे,फूड और इंटरटेनमेंट जैसी आधारभूत सुविधाएं चाहिए होती हैं और इनसे ही रोजगार के अवसर निर्मित होते हैं ,आजकल होम स्टे का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है, मनोवैज्ञानिक प्रो. रजनीश जैन ने कहा कि टूरिस्ट को अच्छा लगना या संतुष्टि मिलने पर ही इस उद्योग की सफलता निर्भर है ,पर्यटक का मनोवैज्ञानिक स्तर जान कर उसको सेवाएं प्रदान करना चाहिए ,पर्यटन विशेषज्ञ और टूरिज्म कार्पोरेशन के पूर्व डीजीएम महेश दीक्षित ने बताया 2026 -27 में फ्रंट आफिस जाब का स्कोप स्ट्रांग है लगभग 50000से अधिक वैकेंसी रहेंगी।

---

## स्वदेश

भोपाल - संस्करण
26 Jun 2026 | Page - 5

भेल कॉलेज में पर्यटन और होटल प्रबंधन पर विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा-

### पर्यटन उद्योग में आठ लाख से अधिक नौकरियों की संभावना



---

भेल कॉलेज में संगोष्ठी; विशेषज्ञों ने बताए अवसर

### टूरिज्म व होटल इंडस्ट्री में फ्रंट ऑफिस जॉब के मौके बढ़ रहे



पत्रिका भोपाल 26.6.2026

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

भेल. पर्यटन और होटल उद्योग आने वाले वर्षों में रोजगार का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जिससे शिक्षित युवाओं के लिए नए द्वार खुलेंगे। यह बात शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल में आयोजित 'पर्यटन और होटल प्रबंधन में रोजगार अवसर' विषय पर विचार गोष्ठी में पूर्व महाप्रबंधक प्रकाश परिहार ने कही।

पर्यटन विशेषज्ञ एवं टूरिज्म के पूर्व उप महाप्रबंधक महेश दीक्षित ने बताया कि फ्रंट ऑफिस जॉब्स में 50 हजार से अधिक रिक्तियों की संभावना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि पर्यटन एवं होटल उद्योग में आईटी विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही हैं।

---

भेल-भोपाल
भोपाल, शुक्रवार 26 जून 2026 | 08

### बीएचईएल कॉलेज में टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट पर संगोष्ठी, 8 लाख नौकरियों की संभावनाएं बताई

दैनिक राजधानी पत्रिका,भोपाल





---

कैम्पस अपडेट

### टूरिज्म-होटल इंडस्ट्री में अगले साल के अंत तक 8 लाख नौकरियों की संभावना

भोपाल | बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को ' पर्यटन और होटल प्रबंधन में रोजगार अवसर' विषय पर विचार गोष्ठी हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि देश के कुल रोजगार में टूरिज्म और होटल इंडस्ट्री की भागीदारी 8 प्रतिशत है। 2026-27 में इस क्षेत्र में लगभग 8 लाख नौकरियों की संभावना है। मप्र टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के पूर्व महाप्रबंधक प्रकाश परिहार ने कहा कि डेस्टीनेशन, ठहरने, भोजन, मनोरंजन जैसी सुविधाएं विकसित होने से रोजगार बनते हैं। होम-स्टे का चलन तेजी से बढ़ रहा है। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने आईटी आधारित सेवाओं, ऑनलाइन टिकटिंग-बुकिंग, पर्यटन स्थलों पर बढ़ती आवाजाही से स्थानीय रोजगार बढ़ने की बात कही। डॉ. ऊषा परिहार के अनुसार पीजी डिप्लोमा या डिग्रीधारी युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है।

---

### टूरिज्म और होटल इंडस्ट्री में आठ लाख से अधिक नौकरियों की संभावना

शिक्षित युवाओं को नये-नये रोजगार के अवसर मिलेंगे

दीनबन्धु, भोपाल
dinbandhunews.com



---

### पर्यटन क्षेत्र बनेगा रोजगार का बड़ा केंद्र लाखों युवाओं को मिलेगा अवसर

फ्रंट आफिस, होटल, होम-स्टे और डेस्टिनेशन वेडिंग जैसे क्षेत्रों में बढ़ी युवाओं की मांग



---

## कार्यक्रम की विवरणिकाएँ










बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल

**आमंत्रण**

स्टॉफ क्लब द्वारा आयोजित
डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी का
30 जून 2026

**सम्मान एवं विदाई समारोह**

दिनांक: 30 जून 2026, मंगलवार
समय : दोपहर 1 बजे से
स्थान : डॉ.डी.वी. जैसवाल सेमिनार हॉल

इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार सादर आमंत्रित है।

डॉ. अनुराधा दुबे
स्टॉफ क्लब प्रभारी

डॉ. संजय कुमार जैन
प्राचार्य

# स्टूडेंट कॉर्नर




**सभी नियमित विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य**







# तरंग स्टार

महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट आबिद खान एवं आयुष नाहर ने दिनांक 16 जून से 25 जून, 2026 तक आयोजित एनसीसी अमरकंटक III कैंप में सहभागिता कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। शिविर के दौरान कैडेटों ने ट्रैकिंग, शारीरिक प्रशिक्षण एवं विभिन्न साहसिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने अमरकंटक के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कर क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, इतिहास एवं परंपराओं का भी अध्ययन किया। स प्रशिक्षण शिविर ने कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास तथा शारीरिक दक्षता का विकास किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने दोनों कैडेटों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं।





**महाविद्यालय परिवार की ओर से इन छात्रों को बधाई!**





**सभी नियमित विद्यार्थियों को प्रतिदिन महाविद्यालय की निर्धारित ड्रेस में आना एवं महाविद्यालय से प्रदाय अधिकृत परिचय पत्र साथ में रखना अनिवार्य है ।**

# आगामी कार्यक्रम

- दीक्षारंभ कार्यक्रम
- नशे से दूरी है जरूरी 2.0 कार्यक्रम
- कारगिल विजय दिवस
- गुरु पूर्णिमा समारोह
- प्रेमचंद्र जयंती

# संपादक की पाती

' तरंग ' का माह जुलाई 2026 का अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ । आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि 'स्टूडेंट कॉर्नर' के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

**सौजन्य ई-न्यूज़लेटर समिति:-**

डॉ. सुषमा जादौन ( संयोजक )

डॉ. वर्षा चौहान , डॉ. सविता डहेरिया

निशांत उपाध्याय ( कम्प्यूटर वर्क )